एक नजर में

## कलेक्टर ने किया नीट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**रतलाम।** नीट परीक्षा का आयोजन रविवार 21 जून को रतलाम जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने रतलाम जिले के साइंस एंड आर्ट्स कॉलेज रतलाम तथा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। केंद्रों का निरीक्षण कर कलेक्टर ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शहर एसडीएम तरुण जैन, परीक्षा प्रभारी एवं एसडीएम आर्ची हरित, प्राचार्य वाय के मिश्रा तथा विभिन्न अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## एडीएम ने ज्ञान भारतम मिशन की बैठक ली



**रतलाम।** धर्मस्व शाखा अंतर्गत ज्ञान भारतम मिशन की बैठक ए डी एम डॉ शालिनी श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि ज्ञान भारतम मिशन भारत की विशाल पाण्डुलिपि विरासत को खोजने, उनका सर्वेक्षण करने, उन्हें संरक्षित करने और आधुनिक तकनीक (जैसे,ढ्ढ और क्लाउड स्टोरेज) का उपयोग करके डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाने की एक राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य इस ज्ञान को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और सुलभ बनाना है। इसका मूल मंत्र: 77 न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते 77 (इस संसार में ज्ञान के समान कुछ भी पवित्र नहीं है)। कार्यक्रम का मुख्य स्तंभ संरक्षण, नवाचार और संवर्धन एवं अनुकूलन है। पाण्डुलिपियां खोजने के लिए सर्वेक्षण टीमें सरकारी और निजी पुस्तकालय, संग्रहालय, विश्वविद्यालय, अभिलेखागार और संस्कृत पाठशालाएं धार्मिक स्थल: मंदिर, मठ, आश्रम, मठवासी संस्थान और गुरुकुल, निजी व्यक्ति: पारंपरिक विद्वान, ज्योतिषी, आयुर्वेदिक चिकित्सक, मंदिर के पुजारी और निजी संग्रहकर्ता आदि स्थानों पर खोज कर रही है। बैठक में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव अखिल भारतीय पुजारी महासंघ श्रीराम मंदिर जौरा पंडित महेश शर्मा द्वारा भारत के पूर्वज महाराज नवाब धरोहर की जानकारी सहेज कर रखा गया है। ए डी एम ने उनका कार्य प्रशंसनीय बताया। बैठक में डिप्टी कलेक्टर संजय शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती राधा महंत एवं लिपिक मनीष माथुर, देवांश योगी तथा रतलाम जिले के देवस्थान/मंदिर के पुजारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जैविक हाट बाजार में 44035 रुपए से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय

**रतलाम।** रविवार को जिले में आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल 7 जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल, केसर आम एवं मूंगफली का 21000 रुपये का विक्रय किया गया। उमेश धाकड़ (बांगरोद) द्वारा घी एवं दूध, दिलीप धाकड़ सादा खेड़ी द्वारा शहद 6350 रुपये का, दिलीप पाटीदार (करिया) द्वारा देसी घी 14000 रुपये का, नर्सिंग कालजी पीपलघाटी द्वारा जैविक सब्जियां 850 रुपए का, तेजराम सांखला द्वारा जैविक सब्जियां 750 रुपये का एवं प्रवीण पाटिल रतलाम द्वारा जैविक सब्जियां 1085 रुपये के जैविक उत्पादों का विक्रय किया गया। जैविक हाट बाजार में कुल 44035 रुपये से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय हुआ।

## रतलाम की बिटिया जबलपुर सम्मानित

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम पी ट्रांसको) के बिलपांक (रतलाम) में कार्यरत जितेन्द्र कुमार गुप्ता की पुत्री कु. श्रुति गुप्ता, को विभिन्न क्षेत्रों मे उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने के लिए मध्यप्रदेश की बिजली कंपनियों के मुख्यालय जबलपुर में विशेष समारोह में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कुमारी श्रुति गुप्ता ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल प्राप्त किया। इसके अलावा सोनी टी.वी. पर प्रसारित टेलेंट शो (इंडिया गॉट टेलेंट) में जवाहर मलखंब ग्रुप रतलाम के कलाकारों के साथ शामिल होकर शानदार प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त पिछले वर्ष चेन्नई मे आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय मल्लखंब प्रतियोगिता, अक्टूबर 2025 में आयोजित राष्ट्र स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता में भी उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उनकी इस सराहनीय कामयाबी के लिये मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कम्पनी के सेवानिवृत मुख्य अभियंता व सम्मान समारोह के विशिष्ट अतिथि एन जी टिकेकर, प्रबंध संचालक सुनील तिवारी द्वारा प्रशस्ति-पत्र, मैडल एवं विशेष भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने श्रुति गुप्ता को बिजली कंपनियों की ओर से बधाई देते हुए कहा है कि यह उपलब्धि प्रदेश के समूचे विद्युत परिवार के लिए गर्व करने वाली और प्रेरणादायक है।

## पाप कार्य में सुस्ती और पुण्य में चुस्ती से ही जीवन बनता है मस्त : साध्वी पदमश्री

**जावरा।** यदि जीवन को आनंदमय और मंगलमय बनाना है, तो पाप कर्मों को करने में सुस्ती और पुण्य के कार्यों में चुस्ती दिखानी होगी। पुण्य का फल जहां छप्पर फाड़कर मिलता है, वहीं पाप का फल थप्पड़ मारकर सब कुछ छीन लेता है। यह सारगर्भित धर्मोपदेश पूज्य आचार्य श्री विजय राज महाराज साहब की सुशिष्या साध्वी पदम श्रीजी महाराज ने शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर चौपाटी उपासरे में आयोजित धर्मसभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए फरमाए। साध्वी श्रीजी ने कर्म सिद्धांत की सूक्ष्म व्याख्या करते हुए कहा कि यदि अज्ञानतावश या भूलवश मनुष्य से कोई पाप कार्य हो जाता है, तो उसे छिपाने या उसकी प्रशंसा करने के बजाय उसका पश्चाताप करना चाहिए। अपनी आत्मा की साक्षी से उस कृत्य की निंदा और आलोचना करने से पाप का बोझ हल्का हो जाता है। इसके विपरीत, यदि कोई व्यक्ति पाप कार्य करके अहंकार करता है, उसकी प्रशंसा करता है या खुशी मनाता है, तो उस कर्म का दोष कई गुना बढ़ जाता है और उसका भयंकर दुष्परिणाम भोगना पड़ता है। पुण्य और पाप का फल केवल इसी जन्म तक सीमित नहीं रहता।

# अष्टकोणीय होगा झाली तालाब, हर कोण पर विराजेंगे मां के दिव्य स्वरूप

- महाकाल लोक की तर्ज पर बदलेगा कालिका माता मंदिर परिसर का स्वरूप
- उच्चस्तरीय बैठक में तैयार हुई कार्ययोजना





नवभारत न्यूज

**रतलाम।** कालिका माता मंदिर परिसर को धार्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तैयारियां तेज हो गई हैं। महाकाल लोक की तर्ज पर प्रस्तावित विकास योजना में सबसे बड़ा आकर्षण झाली तालाब का अष्टकोणीय स्वरूप होगा। तालाब के प्रत्येक कोण पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आकर्षक झांकियां स्थापित की जाएंगी, जिससे श्रद्धालुओं को एक ही परिसर में नवदुर्गा के दर्शन का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के बाद परियोजना को गति देने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने उच्चस्तरीय बैठक लेकर कार्ययोजना की समीक्षा की। बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल, कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों और इंजीनियरों ने प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। प्रस्तुत मास्टर प्लान के अनुसार मंदिर परिसर का स्वरूप उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर आकर्षक और व्यवस्थित बनाया जाएगा। इंजीनियरों ने बताया कि अष्टकोणीय झाली तालाब के प्रत्येक कोण पर मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के स्वरूपों की भव्य झांकियां विकसित की जाएंगी।

बैठक में मंदिर परिसर के समग्र सौंदर्यीकरण पर भी मंथन हुआ। प्रस्तावित योजना में हरित उद्यान, भोजन स्टॉल, सुव्यवस्थित पार्किंग, आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक, छायादार पैदल मार्ग और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े अन्य निर्माण कार्य शामिल किए गए हैं। योजना के मूर्त रूप लेने के बाद कालिका माता मंदिर परिसर न केवल आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा, बल्कि धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में भी रतलाम को नई पहचान दिलाने की उम्मीद है।

### भव्य झांकियां विकसित की जाएंगी

प्रस्तुत मास्टर प्लान के अनुसार मंदिर परिसर का स्वरूप उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर आकर्षक और व्यवस्थित बनाया जाएगा। इंजीनियरों ने बताया कि अष्टकोणीय झाली तालाब के प्रत्येक कोण पर मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के स्वरूपों की भव्य झांकियां विकसित की जाएंगी।

# एक साथ झुके सैकड़ों सिर, योग के साथ स्वास्थ्य का लिया संकल्प




### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर योगाभ्यास कराया

सीएमएचओ डॉ. किरण वाढीव ने बताया कि 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर योगाभ्यास कराया गया। राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की व चिकित्सा सेवाएं प्रदान की।

- पोलो ग्राउंड पर सामूहिक योगाभ्यास

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पोलो ग्राउंड शनिवार सुबह सामूहिक योगाभ्यास का साक्षी बना। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने एक साथ योग कर स्वस्थ, निरोग और अनुशासित जीवन का संदेश दिया। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता से प्रसारित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि योग भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक विरासत है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वैश्विक पहचान मिली। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को नियमित योग करना चाहिए। कार्यक्रम में महापौर प्रहलाद पटेल, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल एवं हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती विनीता ओझा और शिक्षक रवि उपाध्याय ने किया।

### डीआरएम सहित रेलवे अधिकारियो ने किया योग




पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर योगदिवस पर रविवार को मुख्य कार्यक्रम रतलाम स्थित रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ग्राउंड में हुआ। जिसमें मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। डीआरएम अश्वनी कुमार, पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन रतलाम मंडल की अध्यक्षा डॉ. अर्चना शर्मा एवं संगठन की अन्य सदस्याएं, सभी शाखाधिकारी, अन्य अधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# मंत्री के विशेष प्रयासों से बालम ककड़ी और रतलामी गराडू को मिला जीआई टैग

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश स्तर पर सभी विभागों को जिला स्तर पर प्रमुख वस्तुओं को जीआई टैग चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। रतलाम में एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप के प्रयासों से जिले को देश-विदेश में ख्याति दिलाने वाली बालम ककड़ी और रतलामी गराडू को मालवी गराडू के नाम से जीआई (भौगोलिक संकेतक) टैग मिल गया है।

उद्यानिकी विभाग अंतर्गत इससे पहले रतलाम जिले की प्रसिद्ध रियावन लहसुन को भी जी.आई. टैग प्राप्त हो चुका है। वर्तमान में रतलाम जिले में बालम ककड़ी का लगभग 100.00 हेक्टेयर एवं गराडू लगभग 120.00 हेक्टेयर में उत्पादित किया जा रहा है। इन फसलों के उत्पादन से जिले के बड़ी संख्या में किसान जुड़े हुए हैं। सैलाना की केसरिया बालम ककड़ी अपने रसीले स्वाद के साथ-साथ पीला, हरा, केसरिया रंग लिये अपनी खास तासीर लिये देश भर में प्रसिद्ध है वहीं रतलामी गराडू अपने बेहतरीन स्वाद, अंदर से मुलायम एवं बाहर से कुरकुरा बनने की विशेषता के साथ ही यह विटामिन खनिज और फाइबर का बहुत अच्छा स्रोत है, गराडू में कुछ ऐसे तत्व भी पाये जाते हैं जो दिमाग की कार्यप्रणाली को सुचारू और विकसित करने में सहायक होते हैं। गराडू में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण भी होते हैं, इसके अलावा यह शुगर को भी नियंत्रित करता है। जीआई टैग मिलने से इन उद्यानिकी उत्पादों की विशिष्ट पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत होगी। साथ ही स्थानीय किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होने से फसल का क्षेत्र विस्तार होगा तथा निर्यात की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। जिले की विशिष्ट जलवायु, मिट्टी एवं पारंपरिक उद्यानिकी पद्धतियों के कारण यहां उत्पादित गराडू, बालम ककड़ी एवं रियावन लहसुन अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं विशिष्ट स्वाद के लिए लंबे समय से प्रसिद्ध रहे हैं। जीआई टैग इस विशिष्टता को आधिकारिक मान्यता प्रदान करता है। उपसंचालक मंगलसिंह डोडवे ने बताया कि यह उपलब्धि जिले के किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, उद्यानिकी विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। इससे न केवल जिले की उद्यानिकी पहचान को नई ऊंचाइयां मिलेंगी, बल्कि स्थानीय उद्यानिकी उत्पादों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक बाजार में भी नई पहचान प्राप्त होगी।

## 24 तीर्थंकरों के नाम पर पौधे

**रतलाम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महिला स्वस्तिक ग्रुप एवं राजेंद्र जैन महिला परिषद शाखा, रतलाम के संयुक्त तत्वावधान में गुलाब चक्र पर एक दिवसीय 'सतत योग दिवस सेलिब्रेशन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य प्रशिक्षक एवं योग विशेषज्ञ रक्षिता साखले ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यक्रम के दौरान चौबीस तीर्थंकर परमात्माओं के नाम पर 24 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। महिला स्वस्तिक ग्रुप की संस्थापक सारिका, अध्यक्ष कविता काठेड, कोषाध्यक्ष मनीषा गंगवाल, सचिव मनीषा कोठारी तथा रीना आचलिया, सारिका डूंगरवाल आदि उपस्थित रही।




## मलेरिया जागरूकता कार्यशाला संपन्न

**रतलाम।** मलेरिया निरोधक माह 2026 के अंतर्गत मलेरिया जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला प्रशिक्षण केंद्र विरिया खेड़ी में आयोजित कार्यशाला के दौरान सुपरवाइजर और आशा कार्यकर्ताओं को मलेरिया रोग नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में आगामी 28 जून रविवार को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के विषय में भी प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में खंड विस्तार प्रशिक्षक श्रीमती इशरत जहां सैयद, एस टी एस प्रवीण गामड़, लोकेश वैष्णव आदि उपस्थित थे।

# बाप कार्यकर्ता मिलन समारोह में गूंजा मिशन-2028

नवभारत न्यूज

**सैलाना।** भारत आदिवासी पार्टी (बाप) का कार्यकर्ता मिलन समारोह शनिवार को रतलाम-बांसवाड़ा रोड स्थित पठान फार्म हाउस में उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैलाना विधानसभा क्षेत्र के रावटी, शिवगढ़, बाजना, सैलाना, सरवन, बेड़दा एवं चंद्रगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए।

समारोह में बाप के संस्थापक सदस्य कांति भाई आदिवासी, भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगीलाल निनामा, आदिवासी परिवार प्रतिनिधि देवीलाल रोत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर सिंह गड़वाल, पेटलावद विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र डामर तथा झाबुआ डीसीसी प्रभारी संदीप वसुनिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं जिला अध्यक्ष रमेश खराड़ी, विधायक कमलेश्वर डोडियार, राष्ट्रीय सदस्य कविता भगोरा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेंद्र मैड़ा एवं चंदू मैड़ा मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांति भाई आदिवासी ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य वर्ष 2028 में मध्यप्रदेश में भारत आदिवासी पार्टी की सरकार बनाना तथा आदिवासी मुख्यमंत्री देना है। इसके साथ ही वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी आदिवासी बाहुल्य सीटों पर जीत हासिल करने की तैयारी अभी से शुरू करनी होगी। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगीलाल निनामा ने संगठन की मजबूती और सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पार्टी के विस्तार के लिए कार्य करना होगा।

विधायक कमलेश्वर डोडियार ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत चुनावों में विधानसभा क्षेत्र की सभी 112 सरपंच सीटों, सैलाना और बाजना जनपद के सभी जनपद सदस्य पदों, दोनों जनपद अध्यक्ष पदों तथा जिले की चारों जिला पंचायत सीटों पर जीत हासिल करना लक्ष्य है। समारोह में विधायक डोडियार के पुत्र कबीर एवं शुभम का जन्मदिन भी मनाया गया।



## लायंस क्लब जावरा में लगा शेल्बी हॉस्पिटल का नि :शुल्क स्वास्थ्य निदान शिविर

नवभारत न्यूज

**जावरा।** लायंस क्लब जावरा एवं शेल्बी मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नरोडा (अहमदाबाद) के संयुक्त तत्वावधान में लायंस नेत्र चिकित्सालय, पिपलोदा रोड जावरा पर स्व. श्रीमती रजनी हरिनारायण अरोड़ा की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के अनेक मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच का लाभ प्राप्त किया। मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राजेंद्र गर्ग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के पूर्वाध्यक्ष लायन हरिनारायण अरोड़ा उपस्थित रहे। शिविर में घुटना एवं जोड़ रोग, रीढ़ एवं कमर रोग, मस्तिष्क, पेट एवं लिवर रोग तथा हृदय रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं जांच की गई। क्लब अध्यक्ष एडवोकेट यश जैन ने अपने संबोधन किया। शेल्बी हॉस्पिटल के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं उनकी टीम का संस्था परिवार ने सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्वाध्यक्ष अरुण संघवी, संतोष मेड़तवाल, रमेश मेहता, अशोक सेठिया सहित विपिन चौरड़िया, अजय चौरसिया, सुनील राठौड़, प्रसंग शर्मा तथा अनेक लायन सदस्य, समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रथम उपाध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन ने आभार माना।

एक नजर में — प्लास्टिक-कचरे से पटा क्षेत्र, दुर्गंध से परेशान श्रद्धालु और व्यापारी

# त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर और लहसुन मंडी के पास नाले ने लिया डंपिंग यार्ड का रूप

- मानसून से पहले सफाई नहीं हुई तो बढ़ सकता है खतरा

नवभारत न्यूज

**जावरा।** शहर के आस्था के प्रमुख केंद्र त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर और लहसुन मंडी के समीप से गुजरने वाले नाले की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन के स्वच्छता अभियानों की पोल खोलती एक ताज़ा तस्वीर सामने आई है, जिसमें नाला और उसका आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से कचरे के ढेर में तब्दील नजर आ रहा है। नाले के दोनों किनारों पर और पास के खुले मैदान में भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां, पन्नियां और अन्य ठोस कचरा फैला हुआ है।

नाले का पानी पूरी तरह से सड चुका है और गहरे काले-स्लेटी रंग का हो गया है। पानी में कचरा तैर रहा है और इसकी निकासी पूरी तरह से अवरुद्ध प्रतीत होती है। इस सड़े हुए पानी और कचरे से भयंकर दुर्गंध उठ रही है। ऐसे रुके हुए पानी में मच्छरों का पनपना तय है, जिससे आसपास के इलाके में गंभीर बीमारियाँ फैलने का सीधा खतरा मंडरा रहा है।

### किसान,व्यापारी और राहगीर परेशान

रोजाना त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और पास ही स्थित लहसुन मंडी में अपना माल लेकर पहुंचने वाले किसानों व व्यापारियों को इसी गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ता है। एक पवित्र धार्मिक स्थल और व्यापारिक केंद्र के ठीक पास ऐसी घोर लापरवाही से नागरिकों में भारी रोष है।



### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

जावरा के जागरूक नागरिकों की मांग है कि नगर पालिका प्रशासन तुरंत संज्ञान ले और मानसून की भारी बारिश से पहले इस नाले की मशीनरी द्वारा गहरी सफाई करवाए। इसके साथ ही, इस क्षेत्र में खुले में कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि मंदिर और मंडी परिसर के आसपास स्वच्छता और पवित्रता बनी रहे।